[This question paper contains 5 printed pages.]

**8603** *आपका अनुक्रमांक* ...............

**B.Com. (बी०कॉम०)/I** **AS**

Paper V – HINDI (A)

प्रश्नपत्र V – हिन्दी (क)

(प्रवेश वर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*टिप्पणी :- प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक SOL/NCWEB/Non-Formal cell के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे।*

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) सीस जटा, उर बाहु बिसाल, बिलोचन लाल, तिरीछी सी भौहें।
तून सरासन-बान धरें तुलसी बन मारग में सुठि सौहें।।
सादर बारहि बार सुभायँ चितै तुम्ह त्यौ हमरो मनु मोहैं।
पूँछत ग्रामबधू सिय सों, कहौ साबरे से सखि ! रावरे को हैं।।"

अथवा

जिन्हें कभी जीवन में मिला नहीं
सुख से भोजन दो जून

P.T.O.

वे औरतें गाती हैं छप्पन व्यंजनों के गीत !
जिनके बच्चों ने खल्ली भी छुई नहीं
वे माताएँ गाती हैं पढ़े-लिखे पंडित
दामादों के गीत ! (8)

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दुलहिनीं गावहु मंगलचार।
हम घरि आए राजा राम भरतार ।।
तन रति करि मैं मन रति करिहौ पांचउ तत्त बराती।
राम देव मोरे पाहुने आए मैं जोबन मैंमाती ।।
सरीर सरोवर बेदी करिहौं ब्रह्मा बेद उचारा।
राम देव संगि भांवरी लेइहौं धंनि धंनि भाग हमारा ।।

(i) 'दुलहिनी' प्रयोग किसके लिए हुआ है ?

(ii) मंगल गीत किस अवसर पर गाए जा रहे हैं ?

(iii) 'पांचउ तत्त बराती का आशय स्पष्ट कीजिए। (2,3,3)

2. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) यह तेरह वर्ष की अवस्था ही ऐसी है। तब-कुछ बालक में उग रहा होता है। इससे न वह ठीक बालक होता है, न कुछ और। उसे प्यार नहीं कर सकते, न उससे परामर्श कर सकते हैं। तब वह किस क्षण बालक है और किस पल बुजुर्ग, यह नहीं जाना जा सकता। उसका आत्मसम्मान कहाँ रगड़ खा जायगा, कहना कठिन है। उससे कुछ डरकर चलना पड़ता है।

अथवा

घर की चारदीवारी आदमी को सुरक्षा देती है, पर साथ ही उसे एक सीमा में बाँधती भी है स्कूल-कालेज जहाँ व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास करते हैं, वहीं नियम-कायदे और अनुशासन के नाम पर उसके व्यक्तित्व को कुंठित भी करते हैं.... बात यह है बंधु, कि हर बात का विरोध उसके भीतर ही रहता है। (8)

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सूर्य ज़रूरी है। उसके बिना पृथ्वी का अस्तित्व ही न होता। फिर वह जीवनदाता भी है। पृथ्वी तो हमारा घर है। थोड़ी-बहुत उपयोगिता चाँद की भी है, किन्तु इन तीनों के सिवा ये जो कोटि कोटि तारे हैं, वे किस मर्ज़ की दवा हैं ? उनका कोई उपयोग नहीं। कल यदि उनका अस्तित्व समाप्त हो जाए तो हमें क्या फर्क पड़ेगा ? जिसने भी उन्हें बनाया, उसने अपनी शक्ति का और अपने संसाधनों का भयंकर अपव्यय किया। समस्त सृष्टि में जो भी मनुष्य की ज़रूरतों को पूरा करे, वे सभी सार्थक, बाकी निरर्थक !"

(i) सूर्य किसका जीवनदाता है ?

(ii) तारों को निरर्थक क्यों कहा गया है ?

(iii) 'वे सभी सार्थक, बाकी निरर्थक' में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए। (2,3,3)

3. 'ठकुरा दो या प्यार करो' अथवा 'हिमाद्रि तुंग शृंग से' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। (9)

4. 'आत्मशिक्षण' कहानी अथवा 'गेहूँ और गुलाब' निबन्ध का सार लिखिए। (9)

5. (i) हिन्दी भाषा के विकास पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। (5)

(ii) 'टिप्पण' अथवा संक्षेपण की विशेषताएँ बताइए। (5)

(iii) शब्दकोश का महत्त्व स्पष्ट करते हुए एक भाषी और द्विभाषी कोश का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

पुस्तक, परिहास, विकल, विधुर, संवाद, आकाश, गुलाब, वीर, अनमोल, कोमल। (5)

6. (क) 'कम्प्यूटर में हिन्दी प्रयोग' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। (5)

(ख) किन्हीं पाँच शब्दों के हिन्दी-प्रतिरूप लिखिए :

Agent, Amount, Claim, Contract, Deal, Duty, Extra risk, Insured, Mortgage, Teller (5)

7. (क) कार्यालयी पत्रलेखन-विधि का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

अथवा

कार्यालयी पत्रों के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए। (5)

(ख) अच्छे विज्ञापन की विशेषताएँ लिखिए। (5)

(ग) किसी एक विषय पर संक्षिप्त लेख लिखिए :

(i) नववर्ष का पहला दिन

(ii) राष्ट्रमंडल खेलों का समापन समारोह

(iii) 'क्रिकेट वर्ल्ड कप' (5)

8. 'गोदान' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) होरी के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) गोबर नयी पीढ़ी का प्रतीक है, स्पष्ट कीजिए।

(ग) मालती और मेहता संबंध पर टिप्पणी कीजिए।

(घ) पहली बार घर आने पर झुनिया के साथ धनिया ने कैसा व्यवहार किया ?

**अथवा**

'इला' नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) मनु के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) पुत्री का जन्म होने पर मनु क्रोधित क्यों हुए ?

(ग) विद्याधर ने यज्ञ के समय पुत्री के जन्म के लिए संकल्प क्यों किया ?

(घ) शरीर परिवर्तन के पश्चात् इला को कैसा अनुभव होता है ?

(10)